एक नजर में

जनगणना के लिए दिया दो दिवसीय प्रशिक्षण

सीहोर. जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ. जिला प्रभारी एवं प्रशिक्षक यशस्वी जायसवाल, परिधि भाटी तथा अशोक चौबे ने प्रशिक्षण दिया. उन्होंने डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन, मोबाईल एप के उपयोग तथा विभिन्न वेब पोर्टलों के संचालन की जानकारी दी. प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर एवं जनगणना प्रभारी अधिकारी जमील खान, एसडीएम नितिन टाले, दिनेश सिंह तोमर, तन्मय वर्मा, सुधीर कुशवाह, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौड़, जिला योजना अधिकारी संजय लक्ष्केवार आदि उपस्थित थे.

भंडारे के साथ आज होगा भागवत कथा का समापन

सीहोर. ग्राम हसनाबाद में जारी सात दिवसीय श्री श्रीमद् भागवत कथा का समापन गुरुवार को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा. कथावाचक सुश्री रितिका नागर अपनी मधुर वाणी में श्रीमद् भागवत कथा श्रद्धालुओं श्रवण कराई जा रही है. बुधवार को समाजसेवी अखिलेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं तुलसीराम काका, अखिलेश वर्मा शामिल हुए. इस दौरान रामलाल नागर, गुलनारायण नागर, संतोष नागर, अशोक नागर, प्रभु लाल नागर, प्रहलाद सिंह नागर आदि उपस्थित थे.

शिविर में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

दोराहा. जनसमस्याओं और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है. बुधवार को ग्राम पंचायत आमोन और ग्राम पंचायत दोराहा में क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया. शिविरों में अनेक विभागों द्वारा नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और ग्रामवासियों से आवेदन प्राप्त कर निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई. यह अभियान 131 मार्च तक चार चरणों में संचालित किया जाएगा.

जिलाध्यक्ष गुजराती के नेतृत्व में पहुंचे हजारों कांग्रेसी

सीहोर. राजधानी में आयोजित कांग्रेस की विशाल जनसभा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संबोधन को सुनने के लिए जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में जिले से 3 हजार से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान भोपाल पहुंचे. जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता, ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी भी शामिल थे. गुजराती ने बताया कि कार्यकर्ताओं के उत्साह का आलम यह था कि जिले से 14 बड़ी बसें और 40 से अधिक निजी कारों का काफिला भोपाल पहुंचा. इस बार की सभा में केवल राजनीतिक कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में जिले के किसान भी शामिल हुए. अमेरिका के साथ होने वाली ट्रेड डील को लेकर जिले के अन्नदाताओं में आक्रोश है. किसानों का मानना है कि इस डील से स्थानीय खेती और बाजार पर बुरा असर पड़ेगा.. उन्होंने कहा राहुल गांधी ने जिस तरह से जनता के मुद्दों और किसानों की समस्याओं को सदन से लेकर सड़क तक उठाया है. उससे कार्यकर्ता उत्साहित हैं.

भारतीय सेना में चयन देश का बड़ा सम्मान है : परमार

आष्टा. ग्राम गुराड़िया वर्मा निवासी रुपपाल पोलाया पोस्टमेन की बेटी तथा युवा साथी प्रशांत गोल्डी की बहन कुमारी पायल का चयन भारतीय तिब्बत सीमा सुरक्षा बल में हुआ है. उनके प्रथम गृह ग्राम आगमन पर समस्त ग्रामवासियों द्वारा पायल का स्वागत किया गया. इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने सकल समाज के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, अर्जुन सिंह अजय के साथ पायल का स्वागत किया. परमार ने कहा कि पायल का सेना में चयन हमारे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है. मां भारती की सेवा के लिए चुना जाना सम्मान की बात है. पायल जो एक साधारण परिवार की युवती है उसने चयन के पश्चात निर्धारित ट्रेनिंग पूरी की. सेना में शामिल होना देश का बड़ा सम्मान है. उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति पायल का समर्पण अनुकरणीय है, धन्य हैं वे माता-पिता जिन्होंने ऐसे वीर सपूतों को जन्म दिया. जो देश के लिए जीते हैं और आवश्यकता पड़े तो वतन पर कुर्बान हो जाते हैं.

हल्दी के घोल ने हर ली कई भेड़ों की जिंदगी

ग्राम मैना के समीप राजस्थान से आए भेड़ पालकों ने भेड़ों को पिलाया था हल्दी का घोल, 80 की मौत

आष्टा. पशुपालकों द्वारा हल्दी का घोल पिलाने के बाद मृत हुई भेड़ व बकरियों के शवों के झुंड मैदान में पड़े नजर आ रहे थे.

- गड़रियों का कहना मैना गांव की दुकान से खरीदी थी हल्दी
- भेड़ों के शवों का पीएम होने के बाद होगा मामले का खुलासा

नवभारत न्यूज

सीहोर/ आष्टा 25 फरवरी. जिले की आष्टा तहसील के ग्राम मैना और खामखेड़ा गांवों के बीच डेरा डाले पशुपालकों के लिए मंगलवार का दिन भारी पड़ गया. हल्दी का घोल पिलाने के कुछ ही समय बाद भेड़-बकरियां तड़पने लगीं. जब तक उनको उपचार मिल पाता तब तक लगभग 80 भेड़ों की मौत हो गई. गर्मी प्रारंभ होते ही राजस्थान के पशु पालक अपने पशुओं को लेकर प्रदेश में आ जाते हैं. ऐसे ही कुछ पशुपालकों ने तहसील के ग्राम मैना और खामखेड़ा के बीच मैदान में डेरा डाल रखा है. बताया जाता है कि पशुपालकों ने ग्राम मैना के साप्ताहिक बाजार से पिसी हुई हल्दी खरीदी थी. बीमारियों से दूर रखने के उद्देश्य से हल्दी को पानी में घोलकर भेड़-बकरियों को पिलाया गया. बताया जा रहा है कि घोल पिलाने के कुछ ही देर बाद पशुओं में असामान्य लक्षण दिखाई देने लगे. पहले उल्टी शुरू हुई, फिर अत्यधिक कमजोरी के कारण वे खड़े नहीं हो पा रहे थे और एक-एक कर जमीन पर गिरने लगे. स्थिति इतनी तेजी से बिगड़ी कि कुछ ही समय में पशु अचेत हो गए. पशुपालकों ने स्थानीय स्तर पर उपचार के प्रयास किए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. लगभग 80 पशुओं ने दम तोड़ दिया था. सभी पशुओं का पीएम कराने के बाद उन्हें गड्ढे में दफना दिया गया है.

पशुपालकों का कहना, मिलावटी थी हल्दी

घटना के बाद पशुपालकों ने आशंका जताई है कि बाजार से खरीदी गई हल्दी मिलावटी हो सकती है या उसमें कोई जहरीला रसायन मिला हो सकता है. ग्रामीणों का कहना है कि हल्दी वर्षों से पशुओं को दी जाती रही है, लेकिन इस तरह की सामूहिक मौत की घटना पहले कभी सामने नहीं आई। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि हल्दी के नमूने की जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

बरखेड़ी तालाब में प्रवासी पक्षियों की रहस्यमय मौत

सीहोर. समीपस्थ ग्राम बरखेड़ी के तालाब में प्रवासी पक्षियों की अचानक हुई मौत ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है. गर्मी के चलते तालाब में पहले ही पानी बहुत कम बचा था, ऐसे में दूर-दराज से आए प्रवासी पक्षियों ने यहीं डेरा डाल रखा था. बुधवार सुबह जब ग्रामीण तालाब की ओर पहुंचे तो उन्होंने कई पक्षियों को मृत अवस्था में पड़ा देखा. देखते ही देखते यह खबर पूरे गांव में फैल गई और लोगों में चिंता का माहौल बन गया.

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से तालाब का पानी लगातार घट रहा था और उसमें गंदगी भी बढ़ती जा रही थी. आशंका जताई जा रही है कि दूषित पानी, भोजन की कमी या किसी बीमारी के कारण पक्षियों की मौत हुई हो सकती है. हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम और वैज्ञानिक जांच के बाद ही चल पाएगा. घटना की सूचना मिलते ही सजग ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 को कॉल किया, लेकिन मौके पर पहुंची टीम यह कहकर लौट गई कि यह मामला उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता. इससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई। उनका कहना है कि जब आपात स्थिति में भी जिम्मेदार विभाग संवेदनशीलता नहीं दिखाएंगे, तो आमजन किससे उम्मीद करें? इसके बाद ग्रामीणों ने स्वयं पहल करते हुए वन विभाग के अधिकारियों के संपर्क नंबर जुटाए और उन्हें सूचना दी. लेकिन मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों डीएफओ, एसडीओ और रेंजर ने आना गवारा नहीं समझा. हालांकि कार्यवाहक वनपाल बृजेश राठौर ने टीम के साथ जाकर सभी पक्षियों को उठाया और पशु चिकित्सालय में उनका पीएम कराते हुए गड्ढे में दफना दिया गया है. इसके अलावा पानी का सैंपल भी लिया गया है.

पत्नी की हत्या के दोषी पति को उम्रकैद

आष्टा. प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश महेश कुमार चौहान की अदालत ने पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के मामले में आरोपी पति अर्जुन सेन को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. आरोपी पर 2 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है. गत 2 जुलाई 24 को ग्राम बैदाखेड़ी में पति-पत्नी के बीच विवाद की सूचना 108 एम्बुलेंस को दी गई थी. एम्बुलेंस कर्मियों द्वारा महिला सरिता को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ की तो सामने आया कि आरोपी अर्जुन सेन पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था. इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जो हिंसक रूप ले बैठा. विवाद के दौरान आरोपी ने सरिता के साथ मारपीट की और गला दबा दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई. पुलिस ने साक्ष्य एकत्र कर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया और न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया. साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया और आजीवन कारावास से दंडित किया. साथ ही मृतका के बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश भी दिए.

पोर्टल पर सरसों का पंजीयन आज से

सीहोर. प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 26 फरवरी से सरसों का पंजीयन प्रारंभ होगा. जो 20 मार्च तक चलेगा. सरसों का पंजीयन गेहूं, चना, मसूर पंजीयन की तरह ही किया जा रहा है. किसान अपना पंजीयन निर्धारित लिंक पर जाकर मोबाईल या क प्यूटर के माध्यम से कर सकते हैं. इसके अलावा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय और सहकारी- विपणन समितियों द्वारा स्थापित सुविधा केन्द्रों, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्रों, साइबर कैफे आदि पर पंजीयन करा सकते हैं. उन्होंने किसानों से अपील की है कि वह नियत समय पर अपना पंजीयन कराने केन्द्रों पर पहुंचें.

दिन-दहाड़े मासूम भाई-बहन के अपहरण का नाकाम प्रयास

- कोचिंग से घर लौट रहे दो बच्चों के अपहरण का किया प्रयास
- बच्चों के भयभीत परिजनों ने पुलिस को आवेदन दिया

नवभारत न्यूज

इछावर 25 फरवरी. शहर के बीचों-बीच दो बच्चों के अपहरण के प्रयास से लोग दहशत में हैं. यह तो अच्छा हुआ बच्चे चिल्लाने लगे, जिससे घबराकर अपहरणकर्ता वहां से भाग निकला. यह घटना मंगलवार शाम की है. बुधवार को बच्चों के परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी. लेकिन अब तक पुलिस ने इस मामले में कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया. इधर घटना के बाद से दोनों ही बच्चे डरे-सहमे हुए हैं. बच्चे बुधवार

को डर के मारे स्कूल भी नहीं गए.

खास बात यह है कि दो साल पहले इछावर क्षेत्र में इससे पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है. 10 फरवरी को गांव डुंडलावा में बदमाशों ने एक बच्ची से पीने के लिए पानी मांगा था. जैसे ही बच्ची पानी लाई बदमाश उसे उठाकर ले गए थे. हालांकि पुलिस ने अपहरण करने वाले बदमाशों का पीछा किया था और 24 घंटे के भीतर शिवपुरी से बच्ची को सकुशल छुड़ाकर लाए थे. इस मामले में एक के बाद एक करके करीब 12 से ज्यादा आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था जो मानव तस्करी करते थे. मंगलवार शाम को हुई घटना भी इसी तरह के अपराध से जुड़ी प्रतीत होती है. इछावर बस स्टैंड पर रहने वाले सुनील मुकाती की 7 साल की बेटी और 5 साल का बेटा पड़ोस की कॉलोनी में ट्यूशन पढ़ने गए थे. शाम के समय दोनों भाई-बहन जब ट्यूशन से वापस लौट रहे थे तो उन्हें एक सफेद रंग की अल्टो 800 कार में बैठे एक व्यक्ति द्वारा घर तक छोड़ने का कहा. जब बच्चों ने कार में बैठने से मना कर दिया तो वह बच्चों का हाथ पकड़कर जबरन कार में बैठाने का प्रयास किया. लेकिन इसी दौरान बच्चे चिल्लाने लगे तो बदमाश कार से भाग निकले. बच्चों के पिता सुनील मुकाती ने बताया कि बच्चों द्वारा बताई गई कार व इसमें बैठा आरोपी के हुलिए के आधार पर सीसीटीवी कैमरे भी देखे गए.

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई बदमाशों की कार

घटना के बाद बच्चों ने पूरी हकीकत अपने परिजनों को बताई. उनके पिता सुनील मुकाती ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो उसमें कार की पहचान हुई. उन्होंने इछावर पुलिस को भी इस घटना को लेकर आवेदन दिया है. लेकिन दूसरे दिन तक इस मामले में पुलिस ने कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया. खास बात यह है कि इस तरह की वारदात करने वाले बदमाश ग्रुप में आते हैं, ताकि उन पर कोई संदेह न करे.

तीन साल पहले भूमिपूजन, सड़क नहीं बनी : गुजराती

- कांग्रेस अध्यक्ष गुजराती ने बताई सड़कों की दुर्दशा
- सड़क नहीं बनने पर आंदोलन करने की दी चेतावनी

नवभारत न्यूज

सीहोर 25 फरवरी. जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी करते हुए बताया कि विधानसभा के अंतिम छोर पर टांडा से मेंडोरा होते हुए जाने वाली सड़क का भूमिपूजन विधानसभा चुनाव के समय करीब तीन, साल पहले किया गया था. लेकिन सड़क आज भी नहीं बन सकी. यहां के ग्रामीण कीचड़, धूल और

गड्ढों से जूझ रहे हैं. बरसात में हालात बद से बदतर हो जाते हैं और आए दिन हादसे होते रहते हैं. सवाल ये है कि जिम्मेदार कौन है.

उन्होंने कहा क्या भूमिपूजन सिर्फ चुनावी मंच की शोभा बढ़ाने के लिए था. क्या जनता की परेशानी सिर्फ भाषणों तक ही सीमित है. हम प्रशासन और कलेक्टर से मांग करते हैं कि या तो लापरवाह ठेकेदार पर तत्काल कार्रवाई करें या फिर इस सड़क का निर्माण कार्य जल्दी पूर्ण कराएं. ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब दे रहा है. विकास सिर्फ पोस्टर और बैनर में नहीं, जमीन पर दिखना चाहिए. उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि सड़क अधूरी होने के कारण काफी परेशानी होती है. धूल के गुबार की वजह से कुछ दिखाई नहीं पड़ता, जिससे बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं. गुजराती ने चेतावनी दी है कि यदि जल्दी ही इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया तो कांग्रेस ग्रामीणों के हक के लिए उग्र आंदोलन करेगी.

अंबड़ नदी ने उगला अज्ञात युवती का शव

नवभारत न्यूज

भैरुंदा 25 फरवरी. क्षेत्र के ग्राम नंदगांव अंबड नदी के पास उस वक्त हड़कंप मच गया. जब लोगों ने नदी में एक युवती का शव तैरता हुआ देखा. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

जानकारी के अनुसार क्षेत्र की अंबड़ नदी में एक युवती का शव तैरता पाए जाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी का माहौल निर्मित हो गया था. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को बाहर निकलवाया. बताया जाता है कि मृत युवती की उम्र 18 से 20 वर्ष है. फिलहाल शव की शिनाख्त

नहीं हो पाई है. पुलिस ने आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगालना शुरू कर दिया है. ताकि युवती की पहचान की जा सके. पुलिस इस मामले में हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं से जांच कर रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा.

भारतीय मजदूर संघ ने मनाया विरोध दिवस

सीहोर. भारतीय मजदूर संघ के जिला संगठन द्वारा विरोध दिवस मनाया. कर्मचारियों व श्रमिकों की मांगों को लेकर रैली निकाली और कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम परमार ने की. विशेष अतिथि अनिल शर्मा, वीरसिंह गुर्जर, आंगनवाड़ी संघ की जिलाध्यक्ष उषा राठौर, राज्य कर्मचारी संघ के गोपालसिंह ठाकुर, कुंदन राय, विनोद बोयत आदि मौजूद थे. कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रदेश सरकार के स्तर पर लंबित मांगों के संबंध में जानकारी दी और संगठन के कार्यकर्ताओं को अपने हक के लिए सदैव संगठित और सक्रिय रहने का आह्वान किया.

बैठक आगामी रंगपर्व व अन्य त्योहारों को लेकर एसपी ने कर्मचारियों की ली बैठक

त्योहारों पर रंग में भंग डाला तो करेंगे सख्त कार्रवाई : एसपी

नवभारत न्यूज

सीहोर 25 फरवरी. बुधवार को एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के थानों के सूचना संकलन में नियुक्त कर्मचारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला एवं मासिक बैठक आयोजित की गई. बैठक में सभी कर्मचारियों को यातयात नियमों की जानकारी एवं घटना स्थल सुरक्षित करने संबंधी विषयों का प्रशिक्षण दिया गया.

एसपी श्री शुक्ला ने आगामी त्यौहार होली, रंगपंचमी, ईद, रमजान एवं अन्य कानून व्यवस्था से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर निर्देश दिए. उन्होंने निर्देशित किया कि सभी त्यौहारों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा व्यवस्था लगाएं. प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाए. जिसमें एसडीएम, पुलिस, एमपीईबी, पीडब्ल्यूडी, नपा व अन्य संबंधित विभाग आदि शामिल रहे. संवेदनशील इलाकों के रूट का परीक्षण करना एवं आवश्यकतानुसार ड्रोन सर्चिग एवं हाईराइज बिल्डिंग पर बल लगाएं. धार्मिक स्थलों का भ्रमण करें. सीसीटीवी कैमरे की उपलब्धता एवं कार्य की क्षमता चेक करें. त्यौहारों के अवसर पर मोटर सायकल पेट्रोलिंग पार्टी तैनात की जाए. चैकिंग कार्यवाही में संदेही व्यक्ति, लॉज, होटल, ढाबे को चैक कर सूचनाओं का आदान प्रदान करें. शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करें. रंगपर्व पर नदी किनारे वाले क्षेत्रों में एसडीआरएफ, होमगार्ड की तैनाती एवं रस्सी, लाउड हेलर, लाईफ सेविंग जेकेट आदि आवश्यक रूप रखी जाए. इसके साथ ही अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब, गोवंश, गो-कटिंग, परिवहन इत्यादि पर विशेष निगाह रखना एवं सूचना प्राप्त होने पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही की जाए. भगोरिया मेला के अवसर पर महिला वॉलेटियर बनाकर सहयोग प्राप्त कर विशेष सतर्कता रखी जाए. सोशल मीडिया पर विशेष निगाह रखी जाए. त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस वाहन, वलवा ड्रील, पीए सिस्टम, डंडा, जाली, टियर गैस इत्यादि की उपलब्धता एवं तैयारी पूर्ण की जाए. बैठक में एएसपी सुनीता रावत एवं एसडीओपी आष्टा दामोदर गुप्ता, सत्येन्द्र यादव, रेखा जोझा, पुरूषोत्तम दांगी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे.